# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या–पी॰आर॰ 36/2024**

**डी०एल०एड० (पुराना पाठ्यक्रम) विशेष परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले छात्र, छात्रा, अभिभावक एवं सभी प्रशिक्षण संस्थान के प्रधान/प्राचार्य हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या– पी0 आर0 13/2024 के क्रम में सूचित किया जाता है कि सत्र 2016–18 एवं 2017–19 में नामांकित प्रशिक्षुओं की सम्पन्न **डी॰एल॰एड॰ (विशेष) परीक्षा, 2020 में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित/निष्कासित परीक्षार्थियों** को डी०एल०एड० (पुराना पाठ्यक्रम) विशेष परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि बिना विलम्ब शुल्क के साथ **दिनांक 15.01.2024 से 24.01.2024** तक तथा विलम्ब शुल्क के साथ **दिनांक 25.01.2024 से 27.01.2024** तक निर्धारित है।

2. **छात्रहित में विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन भरे जाने की अवधि दिनांक 10.02.2024 तक विस्तारित की जाती है।** विस्तारित अवधि में ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र से संबंधित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे। शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित छात्र/छात्रा व प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य की होगी।

3. उक्त आवेदन हेतु विज्ञप्ति संख्या– **पी0आर0 13/2024** में वर्णित पात्रता धारण करने वाले छात्र/छात्रा ही योग्य हैं। विज्ञप्ति संख्या– **पी0आर0 13/2024** के द्वारा दिये गये अन्य निदेश यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Scanned with CamScanner